
प्रथम अध्यक्षता संदेश, जून 2017



अध्यक्ष थॉमस एस.मॉनसन द्वारा

# कार्य के लिए बुलाहट

जब भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ ने एल्डर हिबर सी.किम्बल को " मुक्ति के द्वार खोलने की" एक प्रचारक के रूप में इंग्लैंड के लिए बुलाहट दी, तो एल्डर किम्बल अयोग्यता के एहसास से बंध गए ।

" हे, प्रभु," उन्होंने लिखा," मैं हक्लाती बोली का मनुष्य हूँ , और पूर्ण रूप से ऐसे कार्य के लिए अयोग्य हूँ ।"

एल्डर किम्बल ने फिर भी इस बुलाहट को स्वीकार किया, उन्होंने कहाँ:" इन विचारो ने मुझे मेरे कर्तव्य के पथ से नहीं रोका; उस श्रण जब मैंने अपने स्वर्गीय पिता की इच्छा को समझा, मुझे हर तरह की विपत्ति से निकलने की दृढ़ता महसूस हुई, विश्वास करते हुए की वह मुझे अपनी ईश्वरीय शक्ति से समर्थन देंगे और हर उस उचित्त शिक्षा से प्रदान करेंगे जिसकी मुझे आवश्यकता थी ।"

मेरे युवा भाई और बहनें जिन्हें पूर्ण समय के लिए प्रचारक सेवा में बुलाया गया हैं, आपको कार्य के लिए इसलिए बुलाया गया हैं क्यूंकि आप में,एल्डर किम्बल के जैसे, "परमेश्वर कि सेवा करने की इच्छा हैं" ( सि:अ4:3) और क्यूंकि आप तैयार और योग्य हैं ।

वरिष्ठ दम्पत्तियों ,आप को भी इन्हीं कारणों से बुलाया गया हैं । आप, किन्तु, सेवा की केवल इच्छा ही नहीं परन्तु उस बुद्धिमानी को भी लाते हैं जो बलिदान, प्रेम और अनुभव कि ऋतुओ से प्राप्त हुआ हैं जो आपके स्वर्गीय पिता के उन पुत्र और पुत्रियों के मनो को स्पर्श करने के लिए हैं जो सत्य को ढूँढ रहे हैं ।

आपकी प्रचारको के रूप में सेवा करने की इच्छाएं, आपको विश्वास और दृढ़ता, साहस और आत्मविश्वास, समाधान और लौटाव, संकल्प और समर्पण में बढ़ाते हैं । समर्पित प्रचारक मिशन के श्रेत्र में अलौकिक कार्य करते हैं ।

अध्यक्ष जॉन टेलर(1808-87) ने प्रचारकों की आवश्यक गुणों का इस तरह से संक्षिप्त विवरण दिया: " हमें उस तरह के पुरुष [और स्त्री और जोडें] चाहिए जो सुसमाचार के सन्देश को धारण करने वाले पुरुष हैं और जिन्हें परमेश्वर में विश्वास हैं; पुरुष जिन्हें अपने धर्म में विश्वास हैं ; पुरुष जो पौरोहित्य का आदर करते हो; पुरुष जिन्में..परमेश्वर को आत्मविश्वास हो...हमे वह पुरुष चाहिए जो पवित्र आत्मा और परमेश्वर की शक्ति से भरे हो [,].. आदर, ईमानदारी, धर्माचरण और पवित्रता के पुरुष ।"

प्रभु ने घोषित किया हैं :

" और देखो, खेत सफ़ेद हैं कटाई के लिए तैयार, और वह जो अपनी पूरी शक्ति से दराती को मारे, वही भंडार में डाला जाता हैं ताकि नष्ट ना हो, परन्तु आत्माओ की मुक्ति लाए;

" और विश्वास, आशा, दया और प्रेम, परमेश्वर की महिमा की ओर एक आंख के साथ, उसे उसके कार्य के योग्य करते हैं " (सि:अ 4:4-5)

आपकी बुलाहट प्रेरणा से आई हैं । मैं गवाही देता हूँ जिसे परमेश्वर बुलाता हैं, परमेश्वर उसे योग्य करता हैं । आपको स्वर्गीय मदद प्राप्त होगी जब आप प्रार्थनापूर्वक प्रभु के बगीचे में परिश्रम करेंगे।

प्रभु ने एक सुभग वादा प्रचारकों को इस व्यवस्था की शुरुआत में दिया , जो की सिधांत और अनुबंधों में हैं, जो आपका होगा: " मैं आपके मुख के आगे जाऊँगा । मैं आपके दाहिने हाथ और आपके बाये ओर होंगा, और मेरी आत्मा आपके मनो में होगी, और मेरे दूत आपके चारो ओर होंगे, आपको सँभालने के लिए "( सि:अ 84:88)

जैसे की आप सेवा करेंगे, आप गरिष्ट यादें और मित्रता बनाएंगे । मैं ऐसे कोई भी क्षेत्र को नहीं जनता जो मिशन क्षेत्र से अधिक आनंद की फसल का

उत्पादन करती हो ।

अब, एक शब्द उन एल्डर्स, बहनों और जोड़ो के लिए जो , किसी भी कारणवर्ष, अपना कार्य काल मिशन क्षेत्र में पूरा ना कर पाये हो: प्रभु आप से प्रेम करता हैं । वह आपके बलिदान के लिए आपकी सराहना करते हैं । वह आपकी निराशा को जानतें हैं । यह जाने की उनके पास आपके लिए अभी भी कार्य करने के लिए हैं । कभी ना दुखी हो; कभी हतौत्साहित ना बनें; कभी निराश ना हो ।

जैसे की मैंने अपनी गिरजे की बुलाहट के थोड़े समय बाद महा सम्मेलन में ध्यान देना शुरू किया:" डरो मत, अच्छे प्रोत्साहन के बनो ।" वह वादा आज भी आपके लिए सत्य हैं । इसलिए अपना विश्वास मत खोना, क्यूंकि प्रभु ने आप में विश्वास नहीं खोया हैं । अपने अनुबंधों को रखो और आगे बढ़ो।

संसार को यीशु मसीह के सुसमाचार कि आवश्यकता हैं । प्रभु अपने सब संतो को आशीष दे-- इसके बावजूद हम जहाँ भी सेवा करें-- प्रचारक के मन के साथ ।

टिप्पणी

1. हीबर सी.किम्बल, in Orson F. Whitney, *Life of Heber C. Kimball*,3rd ed. (1967), 104.
2. *Teachings of Presidents of the Church: जॉन टेलर* (2001), 73.
3. थॉमस एस.मॉनसन, “Be of Good Cheer,” *Liahona*, May 2009, 92.

---

## इस संदेश से सीख

चाहे हम पूर्ण समय के प्रचारक के रूप में सेवा करें या नहीं , हम सब को सुसमाचार को बाटने और उनकी सेवा करने का अवसर प्राप्त हैं जो हजारो में हमारी चारो ओर हैं । गौर करें इस सन्देश को हाल ही में हुई महा सभा के शीर्षक के बोल में , जैसे की " पुनःस्थापित सुसमाचार को बाटना" एल्डर डेलिन एच.ओक्स बारह की परिषद् के प्रेरित (लायाहोना, नवम्बर 2016,57).। आप जिन्हें पढ़ाते हैं उनके साथ इस वाक्यशैली "जिसे परमेश्वर बुलाता हैं,परमेश्वर योग्य करता हैं " पर विचार कर सकते हैं। उन्हें कैसे प्रचारक कार्यो और अपनी बुलाहट में परमेश्वर का सहारा महसूस हुआ ? आप जिन्हें सीखाते हैं उन्हें शक्ति और प्रेरणा के लिए सुसमाचार अपने परिवार, मित्रों और पड़ोसियों के साथ बाँटने की प्रार्थना करने के लिए अमंत्रित कर सकते हैं ।

युवा

## एक प्रचारक बिना नाम-पत्र के

कीरस्ति अरेव द्वारा

स्कूल में मेरे एक अद्यापक हैं जिनका व्यक्तित्व इस प्रकार का हैं कि कुछ लोग उनसे विरोधी विषय को बाटने से डरते हैं । एक दिन हम अंतिम दिनों के संतो के प्रचारको के शीर्षक पर बोले । मैं जानता हूँ की मैं उनके कई प्रश्नों के उत्तर दे सकता था, परन्तु मुझे लगा की मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए। इसलिए मैंने उन्हें उस समय कुछ ही कहाँ संतुष्ट करने के लिए ।

अगले कुछ हफ्तों तक मैं उस बात-चीत के बारे में सोचना बंद ही नहीं कर पाया । आख़िरकार, मुझे विचार आया की मुझे उन्हें मॉरमन की पुस्तक प्रचारक कार्य के कुछ वाक्यांश चिन्हांकित कर देने चाहिये । इस सोच ने मुझे भयभीत कर दिया, परन्तु दृढ़ रखा । मैं जानता था यह एक उत्तेजना हैं जिसका मुझे अनुसरण करना हैं ।

कुछ दो महीने बाद , मैंने मॉरमन की पुस्तक को तैयार कर लिया । दिनभर मुझे किताब मेरे बसते में एक जलते हुए कुंड महसूस हुई । ठण्ड की छुट्टियों के लिए जाने से पहले वह तीन सेकंड जो मेरे हाथ से से उन्हें देने में लगे मेरे जीवन के डरावने श्रण थे ।

वापसी के पहले दिन, मैं उनकी कक्षा के सामने से निकला परन्तु अन्दर जाने के लिए डरा । तब मैंने उन्हें मेरे लिए पुकारते सुना और उन्होंने मुझे एक कार्ड दिया । मैंने उसे हाल के रस्ते में जाते हुए पढ़ा. उन्होंने लिखा था की उन्होंने " गहराई " से पढ़ा जो मैंने चिन्हित पद किये थे , और उन्होंने मेरे विश्वास के पीछे कुछ कारणों को देखना शुरू किया था ।

मैं अब सुसमाचार को बाटने के लिए उत्साहित हो जाती हूँ, और मैं अपने स्वर्गीय पिता की सेवा मिशन पर जल्द जा कर करने के लिए उत्साहित हूँ ।

© 2017 दवारा सर्वधिकार सुरक्षित । भारत में छपी । अंग्रेजी अनुमति : 6/16. अनुवाद अनुमति 6/16 अनुवाद 97926 294 का ।

# पौरिहित्य शक्ति द्वारा अनुबंधों को रखना

प्रार्थनापूर्वक इस तथ्य को पढ़े और प्रेरित हो ढूँढ कर सीखे की क्या बाटना हैं । कैसे सहायता संस्था के उदेश्य को समझना प्रभु की बेटियों को अनंत जीवन की आशीषो के लिए तैयार करेगा ?

विश्वास परिवार सहायता

"मेरा सन्देश सबको … वह सब हैं जो हम हर श्रण जी सकते हैं " " पौरोहित्य शक्ति की उग्रता से आशीषित होगा," जो भी हमारी परिस्थिति हो, कहाँ एल्डर नील एल.एंडरसन बारह की परिषद् के प्रेरित से ।

"….जैसे की आप पौरोहित्य धर्मविधियो में योग्य रिती से भाग लेते हैं, प्रभु आपको बड़ी शक्ति, शांति और अन्नत दृष्टीकोण दे । जो भी आपकी परिस्थिति हो, आपका घर " पौरोहित्य शक्ति की उग्रता से आशीषित होगा ।"

हम पौरोहित्य शक्ति को कैसे अपने जीवन में अमंत्रित कर सकते हैं । बारह की परिषद् के एल्डर रसल एम् बेलार्ड ने हमें याद दिलाया हैं " वह बहुमूल्य और अत्युत्तम आशीषो के योग्य हैं जिन्होंने बपतिस्मे के पानी में प्रवेश किया हैं और बाद में अपने एंडोमेंट को प्रभु के घर में प्राप्त किया हैं । वस्तुतः एंडोमेंट शक्ति का उपहार हैं …(और) हमारे स्वर्गीय पिता अपनी इस शक्ति के प्रति दयालु हैं।" वह हमें याद दिलाते हैं की पुरुष और स्त्री " दोनों ही इस एक समान शक्ति से एनडोड हैं " मंदिर में," जो परिभाषा से पौरोहित्य शक्ति हैं ।"

लिंडा के.बर्टन, सहायता संस्था की जनरल अध्यक्ष, ने कहाँ: " क्योंकि पौरोहित्य शक्ति एक ऐसी चीज़ हैं जो हम सब अपने परिवारों और घरो में होने की इच्छा रखते हैं, हमें क्या करना हैं उस शक्ति को अपने जीवन में अमंत्रित करने के लिए ? निजी धार्मिकता पौरोहित्य शक्ति के लिए अत्यावश्यक हैं ।"

"यदि हम अपने आपको विनम्रतापूर्वक प्रभु के आगे प्रस्त्तुत करें और उनसे हमें सीखाने के लिए पूछे, वह हमें दिखाएंगे कि किस प्रकार से हम अपनी पंहुच उनकी शक्ति की ओर बढ़ा सकते हैं," अध्यक्ष रसल एम् नेल्सन ने कहा, बारह की परिषद के अध्यक्ष ।

## अतिरिक्त धर्मशास्त्र और जानकारी

1 नफी 14:14; सिद्धांत और अनुबंध 121:36; 132:20; reliefsociety.lds.org

## टिप्पणी

1. नील एल.एंडरसन, "Power in the Priesthood," *Liahona,* Nov. 2013, 92, 95.
2. एम् रस्सल बेलर्ड, "Men and Women and Priesthood Power," *Liahona,* Sept. 2014, 36.
3. लिंडा के.बर्टन," "Priesthood Power—Available to All," *Liahona,* June 2014, 21.
4. रसल एम नैलसन, "The Price of Priesthood Power," *Liahona,* May 2016, 69.

### गौर करें

हमारा अपने अनुबंधों को रखना किस प्रकार से हमें पौरिहित्य शक्ति से आशीषित करता हैं ?

© 2017 दवारा सर्वधिकार सुरक्षित । भारत में छपी । अंग्रेजी अनुमति : 6/16. अनुवाद अनुमति 6/16 अनुवाद 97926 294 का ।